प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अपनी मज़बूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना भारत।

- पूर्व सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं और शहीदों के आश्रितों के कल्याण व सम्मान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा आयोजित– मुख्यमंत्री 20 मार्च को पेश करेंगे वर्ष 2026–27 का बजट।

- रंगों का त्योहार होली कल– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।

और

- प्रदेश सरकार ने सर्पदंश को अधिसूचित रोग किया घोषित– सांप के काटने की हर घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देना होगा अनिवार्य।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। बजट उपरांत 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' विषय पर आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि आज विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का– अधिक निर्माण करने, अधिक उत्पादन करने , अधिक संपर्क स्थापित करने का इरादा और संकल्प स्पष्ट है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं जिससे देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार पूर्व सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं और शहीदों के आश्रितों के कल्याण व सम्मान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पूर्व सैनिक उनके परिवार प्रदेश के गौरव है और देश की रक्षा में उनके अतुलनीय योगदान व सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 2 हजार 2 सौ 63 लाभार्थियों को 17 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित करने के ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन के लिए 2 करोड़ 28 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025–26 के लिए मंडी जिला के बरछवाड़ स्थित मेजर सोमनाथ प्रशिक्षण अकादमी के सुदृढ़ीकरण व विस्तार के लिए भी 10 करोड़ 26 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

बजट सत्र

हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरंभ होगा जो 2 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। 20 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27

का बजट पेश करेंगे। उद्योग व संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

इस बीच संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्यसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवार के नामांकन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए 5 मार्च को शिमला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि उम्मीदवारों की सूची पर अंतिम निर्णय कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार पशुधन की गुणवत्ता सुधारने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों से भैंस का दूध 61 रूपए और गाय का दूध 51 रूपए प्रतिलीटर की दर से खरीद रही है। इसके अलावा ऑर्गेनिक गोबर खाद 3 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है जिससे प्राकृतिक खेती और पशु पालन को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि मंत्री ने आज ज्वाली में आयोजित एक दिवसीय पशु पालक जागरूकता व संवाद शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किसानों और पशु पालकों को वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध करवाई।

बधाई

प्रदेशभर में रंगों का त्योहार होली कल 4 मार्च को मनाया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्त्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करेगा व प्रदेशवासियों के जीवन में नए रंग भरेगा। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि होली उत्सव को सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को और मज़बूत बनाने में सहायता मिलती है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी प्रदेशवासियों को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार प्यार, भाईचारे और खुशी का प्रतीक है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने होली पर्व की बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि स्नेह और सदभाव के रंगों से सजा ये पारम्परिक पर्व लोगों के जीवन में नई उर्जा और नया उत्साह लेकर आएगा।

सर्पदंश

प्रदेश सरकार ने सर्पदंश को अधिसूचित रोग घोषित कर दिया है। इस निर्णय से राज्य में सांप के काटने की हर घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञ व सर्पदंश विषाक्तता की रोकथाम व नियंत्रण के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्य पदमश्री डॉक्टर ओमेश भारती ने इस फैसले को अत्यंत महत्वपूर्ण व सार्थक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सर्पदंश के मामलों की प्रभावी निगरानी और संवदेनशील क्षेत्रों के मानचित्रण में मदद मिलेगी, और समय रहते पीड़ितों की जान बचाई जा सकेगी। डॉक्टर ओमेश भारती ने बताया कि सरकार की इस पहल से प्रदेश के सभी अस्पतालों में एंटी–वेनम की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मुलाकात

हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची पंजाब विधानसभा की आश्वासन समिति ने आज विधानसभा सचिवालय शिमला में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल और पंजाब का पुराना नाता है और एक समय पंजाब विधानसभा के सत्र भी इसी सदन में आयोजित किए जाते थे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ई–विधान प्रणाली अपनाने वाला देश का पहला राज्य था जिसका अनुसरण देश के 22 राज्य कर रहे हैं।

बसंत उत्सव

राष्ट्रपति निवास मशोबरा में भव्य बंसत उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने बडे ही उत्साह के साथ भाग लिया। राष्ट्रपति निवास के प्रबंधक संजु डोगरा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव में हिमाचली संस्कृति के साथ–साथ देशभक्ति की भावना को प्रमुखता दी गई। वहीं मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास के मार्केटिंग एसोसिएट अजय भारद्वाज ने बताया।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अपनी मज़बूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना भारत।
- पूर्व सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं और शहीदों के आश्रितों के कल्याण व सम्मान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा आयोजित– मुख्यमंत्री 20 मार्च को पेश करेंगे वर्ष 2026–27 का बजट।
- रंगों का त्योहार होली कल– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।
- प्रदेश सरकार ने सर्पदंश को अधिसूचित रोग किया घोषित– सांप के काटने की हर घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देना होगा अनिवार्य।